## गागर में सागर

### सड़क दुर्घटना में युवक गंभीर, रेफर

**हुसैनाबाद।** दीपावली की रात साइकिल से घर जाने के क्रम में जपला-छतरपुर मुख्य रोड स्थित नागबाबा के समीप अज्ञात वाहन की चपेट में आने से गम्हरविगहा गांव निवासी 28 वर्षीय सुधीर सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों के सहयोग से इलाज के लिए उसे हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां प्रारंभिक इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिए उन्हें मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है। चिकित्सक के अनुसार युवक के सिर में गंभीर चोट लगी है।

### लक्ष्मी पूजा पर युवाओं ने किया नाटक का मंचन



**नावा बाजार।** बघमनवा पंचायत के ग्राम चौरतिया में दीपावली पर युवाओं द्वारा सामाजिक नाटक का मंचन किया गया। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में वरिष्ठ समाज सेवी सह भाजपा नेता नंदेव यादव उपस्थित थे। अतिथि के कार्यक्रम स्थल पर पहुंचते ही ग्रामीणों ने उनका भव्य स्वागत किया। श्री यादव ने अंगवस्त्र देकर कलाकारों का सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि नाटक हमारी प्राचीन विधा है। इसे संरक्षित करना हमारा सामूहिक दायित्व है। मौके पर गुड्डू यादव, रामधारी यादव, संजय ठाकुर, लालदेव यादव आदि उपस्थित थे।

### छत से गिरकर किशोरी घायल

**हुसैनाबाद।** शहरी क्षेत्र के कुर्मी टोला मोहल्ले में दीपावली की रात फूलझड़ी छोड़ने के दौरान छत से गिरकर अंकिता कुमारी (8) गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजनों ने इलाज के लिए उसे हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया। जहां प्राथमिक इलाज के बाद चिकित्सक ने किशोरी की हालत को खतरे से बाहर बताया है। बताया जाता है कि वह छत पर फुलझड़ियाँ जला रही थी, उसी दौरान वह आंगन की जाली से नीचे गिर गई। यहां जाके राखे साइयां मार सके न कोय वाली कहावत चरितार्थ हुई है।

### बाल दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आज

**नावा बजार।** भंडार स्थित कन्या बालिका उच्च विद्यालय प्रांगण में बाल दिवस पर मंगलवार को भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। प्रधानाध्यापक धनंजय पांडे ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान बच्चों द्वारा मनोरम प्रस्तुति की जाएगी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेवी अशोक पांडे मौजूद रहेंगे।

### पूर्व जिला पार्षद ने लक्ष्मी पूजा पंडाल का किया उद्घाटन



**हरिहरगंज।** नगर पंचायत क्षेत्र के सतगावां देवी मंदिर डाक बंगला के समीप न्यू निर्माण सत्य समिति द्वारा लक्ष्मी पूजा का आयोजन किया गया। पूजा पंडाल का उद्घाटन रविवार को पूर्व जिला परिषद सदस्य सोनेलाल रमन ने फीता काटकर किया। इस मौके पर एनसीपी नेता अजय सिंह व अनुज कुमार के साथ नगरवासियों को शुभकामना देते हुए उन्होंने सभी को मिल-जुलकर पर्व मनाने के लिए प्रेरित किया। वहीं पूजा को सफल बनाने में समिति के अध्यक्ष संतोष चंद्रवंशी, कोषाध्यक्ष अनुज कुमार, सचिव रंभू , व्यवस्थापक अजय सिंह, राजकुमार पासवान, प्रकाश, सुमन, राजू , संतोष, सोनू , प्रियांशु, भूषण, शिक्षक मृत्युंजय सिंह, रामउदगार सिंह आदि तन्मयता पूर्वक जुटे हैं।

---

### मामला हुसैनाबाद महिला एवं बाल सरंक्षण थाना का

# एएसआई के साथ युवक ने की मारपीट, गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद महिला एवं बाल सरंक्षण थाना में ओडी में तैनात एएसआई चंद्रदीप प्रसाद के साथ एक युवक ने मारपीट की। घटना में एएसआई घायल हो गये। उनके द्वारा गांव रेहला थाना रेहला निवासी चंदन गुप्ता के खिलाफ हुसैनाबाद थाना में नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई है। दर्ज प्राथमिकी में एएसआई ने अवगत कराया है कि महिला थाना प्रभारी द्वारा मोबाइल पर बताया गया कि जपला शहर निवासी पुजा कुमारी पति चंदन गुप्ता के आवेदन की जांच कर लें। इस पर उन्होंने विवेचना कर ही रहे थे कि पूजा कुमारी के पति ने उनसे मोबाइल पर सम्पर्क किया। उन्होंने बताया कि वे महिला थाना हुसैनाबाद में हैं। उसके कुछ ही देर बाद महिला का पति चार पहिया वाहन से वहां पहुंचा। वे पति -पत्नी को बैठाकर आपसी सहमति से रहने की बात कर ही रहे थे कि समझाने के दौरान चंदन जोर जोर से सहिस्ता कक्ष में चिल्लाने लगा। इस दौरान आरोपी ने उन्हें गाली-गलौज देते हुए कॉलर पकड़कर मारने लगा व गर्दन पकड़कर दीवार से टकरा दिया। जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गये। कक्ष में मौजूद मुंशी अजय कुमार तिवारी, महिला आरक्षी सोनमति कुमारी, किरण कुमारी ने बचाने का प्रयास किया। शोर सुनकर हुसैनाबाद थाना के कई पुलिस पदाधिकारियों ने पहुंचकर उनकी जान बचाई। उन्होंने घटना की सूचना पुलिस अधीक्षक पलामू सहित पुलिस निरीक्षक दीपक कुमार को दी। वरीय पुलिस अधिकारियों के निर्देश पर चंदन गुप्ता को रविवार को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में मेदिनीनगर भेज दिया गया।

### फांसी लगा युवक ने की आत्महत्या



**सतबरवा।** थाना क्षेत्र के खामडीह गांव निवासी छोटे लाल चौधरी उम्र करीब 30 वर्ष ने शनिवार की रात में लेस्लीगंज थाना क्षेत्र के राजहरा गांव में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या का कारण घरेलू विवाद बताया जा रहा है। मृतक के तीन बच्चे हैं। लेस्लीगंज पुलिस ने रविवार की सुबह शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। मिली जानकारी के अनुसार लेस्लीगंज थाना क्षेत्र के राजहरा गांव के नए घर में शनिवार किसी बात को लेकर पति-पत्नी के बीच विवाद हुआ। उसके बाद पत्नी सतबरवा थाना क्षेत्र के एक किलोमीटर दूर खामडीह गांव स्थित अपने पुराने घर पर आ गई। इसी बीच रात्रि में ही पति ने नायलॉन की रस्सी के सहारे खपरैल घर के कंडी में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। रविवार की सुबह जब काफी देर तक छोटे लाल घर से नहीं निकला तो उसकी पत्नी व आस पड़ोस के लोगों ने दरवाजा खुलवाने का प्रयास किया। दरवाजा नहीं खुलने पर जब किसी प्रकार कुंडी तोड़कर सभी घर में प्रवेश किये तो वह फंदे पर लटकते पाया गया।

---

## हैदरनगर के युवक की गुजरात के भरुच में मौत



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** हैदरनगर थाना क्षेत्र के भाई बिगहा निवासी जावेद अहमद के 30 वर्षीय पुत्र समर अहमद की गुजरात के भरुच में मौत हो गई। समर भरुच जिले में एक कंपनी में मजदूरी करता था। उनके परिजनों ने बताया कि शनिवार की सुबह समर से परिवार के लोगों की मोबाइल फोन पर अंतिम रुप में बात हुई थी। उसी दिन करीब 10 बजे दिन में उसकी अचानक ह्रदय गति रुकने से मौत की खबर मिली। शनिवार को पोस्टमार्टम के बाद कंपनी के अधिकारियों ने एक कर्मचारी के साथ एंबुलेंस से शव पैतृक भूमि हैदरनगर भेजवाया। सोमवार की सुबह शव हैदरनगर पहुंचते ही घर में कोहराम मचने के साथ पूरे गांव में मातम पसरा है। सोमवार की सुबह 10 बजे भाई बिगहा स्थित कब्रिस्तान में शव को सुपुर्द ए खाक किया गया। राजद प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व विधायक संजय कुमार सिंह यादव व प्रदेश महासचिव राज अली, रिजवान खान, पाले खान, अधिवक्ता शौकत खान व गाजी शाहनवाज हुसैन, विधायक प्रतिनिधि सज्जू खान, डॉ. अमीनुल हक अंसारी, अलाउद्दीन खान, राजू खान, अशरफ हसन, जफर सिद्दीकी, असलम खान, इद्रीस खान के अलावा कई गणमान्य लोग जनाजे में शामिल हुए। वहीं विधायक कमलेश कुमार सिंह व अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष अब्दुल मन्नान खान, विधायक प्रतिनिधि अजीत सिंह, संजय सिंह, रामप्रवेश सिंह, प्रोफेसर अरविंद सिंह, प्रो योगेंद्र सिंह, पूर्व मुखिया कमलेश सिंह समेत अन्य ने मृतक की आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से कामना की है।

## प्रमुख की पहल पर गांव में लगा नया ट्रांसफार्मर



**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** पिपरा प्रखंड के तेंदुई पंचायत अंतर्गत नौडीहा पिपरा गांव में रविवार को पिपरा प्रखंड प्रमुख विक्रांत सिंह यादव की पहल पर नया ट्रांसफार्मर लगाया गया। ग्रामीणों ने बताया कि करीब 6 माह पहले ट्रांसफार्मर जल जाने के कारण गांव में बिजली आपूर्ति ठप हो गयी थी। इस वजह से ग्रामीणों को परेशानी झेलनी पड़ रही थी। ग्रामीणों की समस्या को संज्ञान में लेते हुए प्रखंड प्रमुख श्री यादव ने विभागीय पदाधिकारी से उक्त विषय पर चर्चा कर ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया। इस मौके पर जिप सदस्य ददन पासवान, मुखिया प्रतिनिधि अरविंद सिंह, हरि यादव सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।

### विधायक ने दिलाई स्वयंसेवकों को प्रोत्साहन राशि

**पाटन।** छतरपुर-पाटन विधायक पुष्पा देवी व पूर्व सांसद सह भाजपा नेता मनोज कुमार ने पाटन प्रखंड के स्वयंसेवकों की लंबित प्रोत्साहन राशि के लिए प्रभारी बीडीओ को भुगतान के लिए निर्देश दिया था। इसके अनुपालन में बीडीओ दीपक कुमार मिश्रा ने आवास कोऑर्डिनेटर शिवम जायसवाल के माध्यम से भुगतान करवाया। इससे पूर्व स्वयंसेवक द्वारा प्रोत्साहन राशि के लिए विधायक पुष्पा देवी से गुहार लगाई थी। दीपावली व छठ महापर्व को देखते हुए विधायक ने तत्काल पहल करते हुए भुगतान सुनिश्चित कराया। यह जानकारी पाटन विधायक प्रतिनिधि संजय सिंह ने दी है।

---

## वीर कुंवर पूजा में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता**

**पाटन।** क्षेत्र के द्वारपाल घटवरीया बाबा स्थल पर गाय डाढ़ मेला का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि पश्चिमी जिला परिषद सदस्य संग्राम सिंह एवं सेमरी पंचायत के पुर्व मुखिया शिव प्रसाद साव ने संयुक्त रूप से फीता काटकर मेला का उद्घाटन किया। मेला में ब्यास चन्दन चहेता एवं रामपति अकेला के बीच दुगोला का कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में कमेटी के सदस्य आशुतोष पाण्डेय, संतोष पासवान, दीपक कुमार, उपेन्द्र पासवान, लाल बाबू, बबलू भुईयां, नवनीत, छोटू, बबल आदि ने अहम भूमिका निभाई। जिला परिषद सदस्य कहा कि पाटन के घटवारिया बाबा स्थल पर कार्यक्रम पूर्वजों के समय से चलते आ रहा है।

## शांति व सुरक्षा व्यवस्था हेतु थाना प्रभारी को सौंपा आवेदन



**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर।** सामाजिक सेवा समिति एवं छठ पूजा समिति विश्रामपुर के तत्त्वावधान में आगामी छठ महापर्व पर शांति व सुरक्षा के मद्देनजर विश्रामपुर थाना प्रभारी शशि रंजन को आवेदन सौंपा गया। कमेटी के अध्यक्ष पेंटर विजय ने बताया की महापर्व के दिन इस वर्ष बनारस की पंडा टीम द्वारा भव्य गंगा महाआरती कराई जायेगी। इसके उपरांत रात्रि में रंगारंग भक्ति जागरण का भी आयोजन किया गया है। जिसमे काफी श्रद्धालुओ की भीड़ उमड़ेगी। ऐसे में छठ घाट पर चाक-चौबंद सुरक्षा व्यवस्था निहायत जरूरी है। थाना प्रभारी शशि रंजन ने माकूल सुरक्षा व्यवस्था के प्रति कमेटी के सदस्यों को आश्वस्त किया। उन्होंने कहा कि शिव छठ घाट सहित थाना क्षेत्र के हर घाटों पर सुरक्षा व्यवस्था बहाल कराने में पुलिस कोई कसर नहीं छोड़ेगी। आवश्यकता पड़ने पर जिले से अतिरिक्त फोर्स भी मंगाई जायेगी। मौके पर सेवा समिति के अध्यक्ष संजय पांडेय, विधायक जिला प्रतिनिधि पंकज कुमार लाल,ललन सोनी, रामचंद्र साव, राजू केशरी, जितेंद्र बहेलिया मौजूद थे।

## सांस्कृतिक कार्यक्रम अभिव्यक्ति क्षमता के विकास में सहायक : जिप सदस्य

**नवीन मेल संवाददाता**

**मनातू।** मनातू प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत पदमा पंचायत के ग्राम पकरियाडीह में मिलन चौक पर आयोजित सार्वजनिक लक्ष्मी पूजा पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि मनातू के जिला परिषद सदस्य प्रदीप कुमार चावला एवं विशिष्ट अतिथि समाजसेवी सह पूर्व उप प्रमुख मोहन यादव, मनातू भाजपा मंडल अध्यक्ष सत्येंद्र यादव, कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष विष्णु देव यादव, विधायक प्रतिनिधि अयोध्या प्रसाद, मनातू थाना के एसआई जितेंद्र मिश्रा, शौकत खान,पंचायत समिति सदस्य पूनम देवी ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। विभिन्न कलाकारों द्वारा लक्ष्मी पूजा पर आधारित गीत प्रस्तुत किया गया। जिप सदस्य ने कहा कि पकरियाडीह गांव के सार्वजनिक लक्ष्मी पूजा मिलन चौक पर पिछले चार वर्षों से सांस्कृतिक एवं भक्ति जागरण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। भविष्य में कार्यक्रम को और भव्य रूप दिया जाएगा। कार्यक्रम में वार्ड सदस्य बद्री भुईयां, अध्यक्ष रणधीर विश्वकर्मा, सचिव शंकर यादव, कोषाध्यक्ष सुनील भुईयां, अनिल यादव,अंतु यादव, कमलेश कुमार, संदीप कुमार चंचल, अजय कुमार, रंजीत यादव, रामदयाल भुईयां, सफीक अंसारी, मनु गुप्ता उपस्थित थे।

### धार्मिक आयोजन से मिलती है मन को शांति : राजीव

**हरिहरगंज।** मेन बाजार स्थित कांजी हाउस के पास लक्ष्मी पूजा पर सुपर स्टार क्लब द्वारा बनाए गए भव्य पूजा पंडाल का उद्घाटन भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष सह समाजसेवी राजीव रंजन ने फीता काटकर किया। पूजा पंडाल में स्थापित मां लक्ष्मी, भगवान गणेश व मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष मत्था टेककर उन्होंने क्षेत्र की शांति व खुशहाली की कामना की।

### कार्यपालक पदाधिकारी ने सफाई कर्मियों के साथ मनाई दीपावली

**हरिहरगंज।** नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी कामेश्वर बेदिया ने रविवार को हरिहरगंज नगर पंचायत कार्यालय में सफाई कर्मियों के साथ दीपावली मनाई। कार्यक्रम की शुरूआत सफाई कर्मियों को अंगवस्त्र देने व मिष्ठान खिलाकर की गई। उन्होंने कहा कि सफाई कर्मी हमारे जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। इसलिए इनका सम्मान जरूरी है। इस मौके पर गीता देवी, अनरवा देवी, प्रेमशिला देवी, मनी देवी, संगीता देवी, गांधी डोम, प्रमोद डोम, ललन डोम, दारा डोम के अलावे जितेंद्र पटेल, शशि भूषण, विरेंद्र ठाकुर, विक्की कुमार मौजूद थे।

### हर घर हो रौशन, सबके चेहरे पर हो नैसर्गिक मुस्कानः अरविन्द

**छतरपुर।** किसी भी त्योहार की सार्थकता तभी है। जब हम दूसरों के चेहरों पर भी खुशियां ला दें। समाजसेवी अरविन्द गुप्ता चुनमून नगर के उस इलाके में साथियों संग दीपावली मनाने गये जहां वर्षों से मुफलिसी की स्याह चादर पसरी हुई है। नंग धड़ंग बच्चे और लोगों की सूनी आंखें उनकी गरीबी खुद बयां कर रही थी। अरविन्द ने युवा साथियों के साथ दीपावली के दिन नगर के रामगढ़ इलाके में उनके बीच मिठाई, पटाखे, चाकलेट, बिस्किट्स व कैंडल्स का वितरण किया। उन्हें प्रकाश पर्व की बधाई देते हुए उन्होंने कहा कि कहा कि जरूरतमंद लोगों की सेवा से सुकून मिलता है। कार्यक्रम में सहयोग के लिए उन्होंने अरुण ठाकुर, आसिफ इकबाल, सुनील कुमार आदि युवाओं को धन्यवाद दिया।

### छोटी दिवाली पर हनुमान जयंती मनाई गई

**हुसैनाबाद।** हैदरनगर चौक बाजार में छोटी दिवाली पर शनिवार की देर शाम हनुमान जयंती हर्षोल्लास पूर्वक मनाई गई। इस दौरान बजरंग बली को 71 किलो लड्डू का भोग लगाया गया। इससे पूर्व मंदिर की साफ-सफाई कर मारुति नंदन का मोहक श्रृंगार किया गया। पं. लाल द्विवेदी व अजित उपाध्याय ने विधिवत मंत्रोच्चार के साथ पूजा-अर्चना कराया। इस अवसर पर जय हनुमान, जय श्री राम के नारों से चौक बाजार गुंजयमान हो उठा। हवन के बाद सभी के बीच प्रसाद वितरण किया गया। आयोजक संतोष कुमार गुप्ता, फेकू मालाकार, मनोज गुप्ता, उज्ज्वल पांडेय, राजू सोनी, बूटी दूबे, कमलेश प्रजापति, शंभू सोनी, वासुदेव सोनी, केदार सोनी, रंजन हलवाई ने आयोजन में अहम भूमिका निभाई।

### ग्रामीण अंचलों में मनाया गया श्रीलक्ष्मी पूजा महोत्सव

नवीन मेल संवाददाता

हुसैनाबाद। परिक्षेत्र के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में लक्ष्मी पूजा व दीपावली का पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर पलामू जिला परिषद उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह उर्फ टुटू सिंह ने विभिन्न पूजा-पंडालों में जाकर मां लक्ष्मी का आशीर्वाद लिया एवं क्षेत्र के सुख, समृद्धि व खुशहाली की प्रार्थना की। इस मौके पर निमहत, मांडर, अखौरी खाप, अलीनगर, मंझौली, बेलवाडीह, बहेरा, बरवाडीह, पोलडीह, इटवा, चनकार, नोनियाडीह, कुशा, बेगमपुरा, दरूआ, महुअरी, डिहरी, विश्रामपुर समेत कई गांवों में श्रीलक्ष्मी पूजा महोत्सव का आयोजन किया गया। जिप उपाध्यक्ष ने उक्त सभी पूजा पंडालों का भ्रमण कर नागरिकों से मुलाकात की।

---

**आस्था**

### पांकी विधायक ने किया सांस्कृतिक कार्यक्रमों का उद्घाटनन

# महा लक्ष्मी पूजा करने से घर में सुख-शांति का रहता है वासः डा. मेहता

#### सांस्कृतिक कार्यक्रम से समाज में समरसता आती है

#### ऊंच-नीच का भेदभाव खत्म होता है

**नवीन मेल संवादाता**

**पांकी।** विधायक डॉ. शशिभूषण मेहता ने लक्ष्मी पूजा के अवसर पर कई जगहों पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का उद्घाटन किया। इस दौरान पूजा कमेटी ने विधायक डॉ. मेहता को माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। विधायक ने नीलांबर - पीतांबरपुर (लेस्लीगंज) प्रखंड के जामुनडीह पंचायत के बौराखाड़ में लक्ष्मी पूजा पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए मंदिर निर्माण के लिए 51 हजार रुपए सहयोग देने की घोषणा की। इसके अलावे सगालीम, पुरषोत्तमपुर, ढूब, तरहसी प्रखंड के उदयपुरा टू पंचायत के ग्राम छेचानी-महुअरी,सिंजो, प्रखंड नीलाम्बर-पीताम्बर के पंचायत डबरा के ग्राम नावाडीह तेनार, बनुआ,पचमो, सतबरवा



प्रखंड के पिंडरा सहित कई जगहों पर फीता काटकर सांस्कृतिक कार्यक्रम का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रम से समाज में समरसता आती है। ऊंच-नीच का भेदभाव खत्म होता है। इस तरह के कार्यक्रम होने से लोगों का मानसिक विकास होता है। मां लक्ष्मी की पूजा करने से घर में सुख, शांति, समृद्धि का वास होता है। दिवाली के दिन माता लक्ष्मी,भगवान गणेश व भगवान कुबेर की विशेष आराधना की जाती है। प्रकाश हमें अंधेरे से उजाले की ओर ले जाता है। विधायक डॉ. मेहता ने पांकी विधानसभा क्षेत्र के समस्त क्षेत्रवासियों की सुख, शांति व समृद्धि की कामना की। विधायक ने पूजा कमेटी को सहयोग राशि प्रदान कर उनका हौसला बढ़ाया। मौके पर प्रो. बच्चन ठाकुर, अधिवक्ता लाला प्रसाद यादव, अजय पासवान, अरविंद मेहता, कमेश यादव, मुखिया बिगन महतो, निर्मल मेहता, अरविंद यादव, कार्तिक सिंह, मंटू शर्मा मीडिया प्रभारी राकेश कुमार वर्मा उर्फ सोनू शामिल थे।

## पेंटिंग के दौरान गिरने से मजदूर की मौत



**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर।** थाना क्षेत्र के नावाडीह स्थित आरसीआईटी परिसर में नवनिर्मित तीन मंजिला इमारत में पेंटिंग कर रहे मजदूर की गिरने से मौत हो गई । मृत मजदूर की पहचान पांकी थाना क्षेत्र के कतार गांव निवासी 32 वर्षीय विजय राम के रूप में हुई है। वही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए पोस्मार्टम हेतु जिला अस्पताल मेदिनीनगर भेजवाया। परिजनों के अनुसार विजय एक नव निर्मित इमारत के तीसरे मंजिल पर पेंटिंग का कार्य कर रहा था। तभी वह अनबैलेंस होकर नीचे गिर गया। साथी मजदूरों ने आनन फानन में सीएचसी विश्रामपुर में लाकर उसे भर्ती करवाया। जहां चिकित्सको ने प्राथमिक उपचार के उपरांत उसे गंभीर स्थिति में जिला अस्पताल रेफर किया था। जहां जिला अस्पताल के चिकित्सको ने मजदूर को मृत घोषित कर दिया। मृतक के परिजनों ने बताया कि इस संबंध में मदद हेतु जब ठेकेदार से संपर्क किया गया तो उसने अपना मोबाइल फोन बंद कर लिया। जिससे आक्रोशित परिजन शव को मेदिनीनगर से वापस नावाडीह आरसीआईटी मुख्य गेट पर रखकर मुआवजा की मांग करने लगे। जिस पर स्थानीय विधायक के जिला प्रतिनिधि रामचंद्र यादव,पूर्व सांसद कामेश्वर बैठा आदि वरिष्ठ राजनेताओं ने मृतक के परिजनों को आर्थिक मदद करते हुए आगे भी हर संभव मदद का भरोसा दिया। मौके पर विश्रामपुर थाना प्रभारी शशि रंजन, एसआई विजय कुजूर,विधायक प्रतिनिधि राजन पाण्डेय,इंद्रीश हवारिस सहित कई लोग मौजूद थे।

## गागर में सागर

### चाची के श्राद्धकर्म में भाजपा नेता ने किया कम्बल वितरित

**उंटारी रोड।** जिले के उंटारी रोड प्रखंड के लुम्बा सतबहिनी में भाजपा नेता वेदप्रकाश शर्मा ने अपनी चाची के श्राद्धकर्म में कंबल वितरित किया। इस दौरान भाजपा नेता के परिवार के अर्जुन शर्मा, कैप्टन योगेंद्र शर्मा, सेवानिवृत्त सब इंस्पेक्टर विश्वनाथ शर्मा, सूबेदार मेजर दयाशंकर शर्मा, संतोष शर्मा व अविनाश शर्मा ने श्राद्धकर्म में जुटे कुल पुरोहितों एवं सैकड़ों जरूरतमंदों को कंबल प्रदान किया। अर्जुन शर्मा ने कहा कि ऐसे मौके पर जरूरतमंदों को मदद करने से न सिर्फ आत्मसंतुष्टि मिलती है बल्कि सामाजिक दायित्वों का भी निर्वहन होता है। श्राद्धकर्म में प्रदेश भाजपा नेता डॉ ईश्वरसागर चंद्रवंशी समेत कई गणमान्य लोग शामिल हुए।

### झाक्रांमं स्थापना दिवस पर संविधान बचाओ सभा

**मेदिनीनगर।** झारखण्ड क्रांति मंच केन्द्रीय कार्यसमिति के वरीय पदाधिकारियों व सक्रिय सदस्यों की बैठक मेदिनीनगर कचहरी स्थित ताईद शेड में संस्थापक सह केन्द्रीय अध्यक्ष शत्रुघ्न कुमार शत्रु की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक का संचालन केन्द्रीय कमेटी के सदस्य सह पलामू जिलाध्यक्ष विजय राम ने किया। बैठक के प्रारंभ में पदाधिकारियों ने बोधिसत्व बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर व झारखण्ड के धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा को नमन किया। इस दौरान जहां आमजन की समस्याओं से संबंधित छह प्रस्ताव पारित किये गये। वहीं आगामी 26 नवम्बर को झारखण्ड क्रांति मंच के चौथे स्थापना दिवस सह संविधान दिवस पर मेदिनीनगर के राजेन्द्र चौक (छः मुहान) पर संविधान बचाओ सभा आयोजित करने का निर्णय लिया गया। मौके पर केन्द्रीय उपाध्यक्ष रामनरेश राम, मंच के अधिवक्ता सेल के केन्द्रीय अध्यक्ष धीरेन्द्र गुप्ता, केन्द्रीय महासचिव विश्वनाथ राम व सदीक अंसारी, केन्द्रीय संयुक्त सचिव युगल किशोर राम, केन्द्रीय सदस्य रहीम अंसारी, मो. यासीन, आजाद अंसारी, संतोष राम उपस्थित थे।

### पूर्व वार्ड पार्षद ने मंदिर में दान किया लाउडस्पीकर

**मेदिनीनगर।** चैनपुर प्रखंड के शाहपुर वार्ड नंबर 33 की पूर्व पार्षद चंचला देवी ने दीपावली पर अपने वार्ड के नागरिकों की मांग पर शिव मंदिर मल्लाह टोला में लाउडस्पीकर एवं मशीन का दान किया। उन्होंने कहा कि वार्ड वासियों की जरूरतों को पूरा करने के लिए वे सदैव तत्पर हैं। नागरिक कभी भी संपर्क कर सकते हैं। समाजसेवी विजय चंद्रवंशी ने कहा कि कई दिनों से मलाह टोला में लाउडस्पीकर नहीं रहने की वजह से लोग मंदिर में भक्ति गाना नहीं बजा पा रहे थे। अब उनकी हसरत पूरी हो जाएगी। कुछ महीने पहले भी वार्ड पार्षद द्वारा शाहपुर शिव मंदिर में लाउडस्पीकर और मशीन प्रदान किया गया था। मौके पर छोटेलाल चौधरी, उपेंद्र चौधरी, अनिल चौधरी, शंकर चौधरी, विरेंद्र चौधरी, सुरेंद्र चौधरी उपस्थित थे।

### श्रमिकों के बीच बांटी मिठाई

**मेदिनीनगर।** दीपावली के मौके पर झारखंड मुक्ति मोर्चा व्यवसाय प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष दीपू चौरसिया द्वारा बाजार क्षेत्र में काम करने वाले मजदूरों को प्रकाश पर्व की शुभकामनाएं देते हुए मिठाई प्रदान किया गया। उन्होंने कहा कि पर्व हमें मिलजुल कर रहने का संदेश देते हैं। आसपास के जरूरतमंदों की मदद करना हम सभी का नैतिक दायित्व है। मौके पर उपाध्यक्ष साकिब सिद्दीकी उपस्थित थे।

### मृत श्रमिक के परिजन को मुआवजा व नौकरी दे सरकार

**मेदिनीनगर।** झारखण्ड क्रांति मंच के संस्थापक सह केन्द्रीय अध्यक्ष शत्रुघ्न कुमार शत्रु ने विश्रामपुर स्थित रामचन्द्र चन्द्रवंशी विश्वविद्यालय के निमार्णाधीन मेडिकल कॉलेज के तीसरे तल्ले में कार्य के दौरान घटित हादसे में मृत विजय मोची के परिजनों को तत्काल 50 लाख रूपये मुआवजा व नौकरी दिये जाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय परिसर में कार्य के दौरान गिरकर विजय की असामयिक मौत से उसके पूरे परिवार के समक्ष जीवनयापन का गंभीर संकट उत्पन्न हो गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज के तीसरे तल्ले से गिरकर हुई मौत को अन्यत्र दुर्घटना का रुप देने का प्रयास किया जा रहा है, जो निंदनीय है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि तत्काल समुचित कदम नहीं उठाया गया तो मंच व्यापक आंदोलन के लिए बाध्य होगा।

### बाइक दुर्घटना में युवक घायल

**मेदिनीनगर।** मनातू निवासी इंतेयाज अंशारी बाइक दुर्घटना में गम्भीर रूप से घायल हो गये। जानकारी के अनुशार रविवार की शाम इंतेयाज अंशारी किसी काम से पांकी गये हुए थे। घर लौटते समय रास्ते में पांकी ताल घाटी के पास वह अनियंत्रित होकर बाइक से गिर पड़े। स्थानीय लोगों द्वारा उन्हें इलाज के लिए पांकी सामुदायिक स्वास्थ केंद्र लाया गया। जहां इलाज के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें मेदिनीनगर सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया।

---

दीपावली की सुबह मौसम का बिगड़ा मिजाज

## घने कोहरे की चादर में लिपटा पलामू



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** दीपावली की सुबह मौसम ने पलटा खाया तथा दिन चढ़ने तक पलामू को घने कोहरे की चादर ने अपने आगोश में लिये रखा। सोमवार सुबह जब लोग सोकर उठे तो मौसम का बिगड़ा मिजाज देख दंग रह गये। अब तक सुबह साफ रहने वाला मौसम बिल्कुल बदला हुआ था। घने कोहरे के कारण सुबह देर तक अंधेरा छाया रहा व ओस की बूंदे टपकती रही। मौसम के बदले स्वरूप को देख नागरिक देर तक बिस्तर में ही दुबके रहे। इस दौरान नियमित रूप से मार्निंग वाक करने वालों की संख्या भी घटकर आधी रह गई। कोहरे के कारण ठंड में भी इजाफा दर्ज किया गया है। मौसम के मिजाज को देखते हुए आगामी दिनों में तापमान में और गिरावट की संभावना जताई जा रही है।

### पति ने की पत्नी की हत्या

**मेदिनीनगर।** नौडीहा बाजार थाना क्षेत्र के ग्राम मंशाताड़ गांव निवासी रविन्द्र राम ने शनिवार की रात अपनी पत्नी लक्ष्मी देवी की हत्या कर दी। घटना के बारे में मृतका की मां मिथली देवी ने बताया की शनिवार की रात करीब 9:00 बजे हमारी बेटी लक्ष्मी देवी का फोन आया। फोन पर वह रोने लगी। कहने लगी कि ससुर, पति और ससुराल के अन्य लोग मिलकर उसे मारपीट रहे हैं। उसके बाद लक्ष्मी ने फोन काट दिया। उनके द्वारा फोन मिलाने पर फोन स्विच ऑफ बताने लगा। परिजन जब लक्ष्मी के घर पहुंचे तो देखा कि जहरीला पदार्थ का सेवन करने से लक्ष्मी की हालत काफी गंभीर बनी हुई है। इलाज के लिए उसे नौडीहा बाजार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए मेदनीनगर सदर अस्पताल रेफर कर दिया। जहां इलाज के दौरान लक्ष्मी की मौत हो गई।

---

प्रतिनिधियों ने चालान काटकर ट्रैक्टर को किया रवाना

## बालू उठाव शुरू होने से भवन निर्माण कार्य होगा तेजः मुखिया



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सदर प्रखंड के सरजा पंचायत स्थित बयमतिया घाट हीसरा पोखराहा से सरकारी गाइडलाइन के तहत सोमवार से बालू का उठाव शुरू हो गया। सरजा पंचायत की मुखिया अलका कुमारी, पोलपोल मुखिया पति भरदुल सिंह, कौडिया के रविंद्र सिंह, मेदिनीनगर जिला परिषद सदस्य के पति अर्जुन सिंह, सरजा के पूर्व मुखिया आनंद कुमार आदि के उपस्थिति में बालू का उठाव शुरू हुआ। मौके पर सभी लोगों ने संयुक्त रूप से फीता काटकर बालू लदे ट्रैक्टर का चालान निर्गत किया। सभी ने एक स्वर से इसे सरकार की अच्छी पहल बताते हुए कहा कि बहुत दिनों से बालू का उठाव नहीं होने के कारण भवन निर्माण जैसे कार्य बाधित पड़े थे। लोगों को बालू उपलब्ध हो जाने से निर्माण कार्य को गति मिलेगा। अब चोरी-छिपे बालू बेचने वालों पर सीधे कार्रवाई की जाएगी। कोई भी अनाधिकृत रूप से घाटों से बालू का उठाव नहीं कर पाएका। इस मौके पर वार्ड सदस्य आनंद कुमार, चन्द्रकेश चौधरी, उप मुखिया नुतन सिंह, वार्ड सदस्य प्रतिमा देवी, उमेश सिंह, मिथिलेश सिंह, मुकेश यादव, कृष्णा यादव उपस्थित थे।

---

# धूमधाम से मना प्रकाश का पर्व दीपावली, छाई खुशी





**दीपक की झिलमिलाती रोशनी व विद्युत प्रकाश से सराबोर हो उठा पलामू**

**दीपावली को ले रविवार की सुबह से ही अंतिम तैयारियां चलती रही**

### काली पूजा का भी देखा गया उत्साह



दीपावली पर मां लक्ष्मी की पूजा के साथ बंगीय दुर्गा बाड़ी व रेलवे क्लब में काली पूजा हुई। रेड़मा व छह मुहान काली मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना किया गया। बंगीय दुर्गा बाड़ी के पुरोहित देवी प्रसाद बनर्जी ने पूजा कराया। इस अवसर पर मां काली की प्रतिमा को चांदी के गहनों से सजाया गया। वहीं दीपावली की सुरक्षा को लेकर रात भर शहर थाना की पुलिस मेदिनीनगर शहर के अन्य क्षेत्रों में भ्रमण करती रही।

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** प्रकाश का पर्व दीपावली रविवार को पलामू में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर घर-आंगन, मकान, दुकान, प्रतिष्ठानों आदि को खूबसूरत लरियों से सजाया गया था। दीपक की झिलमिलाती रोशनी व विद्युत प्रकाश से पलामू सराबोर हो उठा। घर-आंगन व प्रतिष्ठानों जगमग करते रहे। दीपावली को ले रविवार की सुबह से ही अंतिम तैयारियां चलती रही। लोगों ने साफ-सफाई कर मकानों व दुकानों के रंग रोगन को अंतिम रूप दिया। मां लक्ष्मी की स्वागत को ले लोगों ने शाम को घरों के दरवाजों पर रंग बिरंगी रंगोली बनाए। घरों को रंगबिरंगी लरियों व दीपक की रोशनी से रोशन किया। संध्या बेला में मां लक्ष्मी की पूजा-अर्चना की गई व सुख समृद्धि का वरदान मांगा गया। मान्यता है कि कार्तिक अमावस्या के दिन गोधूली बेला में मां लक्ष्मी धरती पर भ्रमण करती हैं। वे साफ-स्वच्छ घरों में प्रवेश कर सुख संपदा का वरदान देती है। इधर दीपावली को ले पूरी रात इलाका बम-पटाखों की गूंज से गूंजता रहा। बच्चों ने फूलझड़ियां जलाकर मनोरंजन किया। हालांकि इस वर्ष कम आतिशबाजी देखी गई। पिछले वर्ष करीब 4 लाख की आतिशबाजी हुई थी। इस बार घटकर 3.5 लाख रूपये रह गया। शहर की दुकानें व प्रतिष्ठानों को आकर्षक ढंग से सजाया गया था।। शाम को लक्ष्मी गणेश की पूजा अर्चना कर उन्हें लडडूओं का प्रसाद चढ़ाया गया। दीपावली पर मंदिरों में भी पूजा की धूम रही। श्रद्धालुओं ने विभिन्न मंदिरों में जाकर मां लक्ष्मी, काली आदि की पूजा की।

---

## दीपों से जगमगा उठा श्रीलक्ष्मी नारायण महायज्ञ स्थल



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** रेड़मा हाउसिंग कालोनी स्थित महायज्ञ स्थल पर दीपावली को दीपोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। 11 मंजिला यज्ञ मंडप रंग-बिरंगी रोशनी से जगमगा उठा। महिलाओं ने यज्ञ मंडप के चारों ओर दीप जलाकर स्थल को जागृत किया। सरस्वती कुमारी लक्ष्मी ने यज्ञ मंडप को मनोरम छटा देते हुए मनमोहक रंगोली का निर्माण किया। रंगोली श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र बना रहा। शहर के कई मुहल्लों के लोग दीपोत्सव में शामिल हुए। यज्ञ मंडप पर उपस्थित श्रद्धालुओं ने एक-एक कर दीप जलाए। महायज्ञ समिति की ओर से 501 दीप की व्यवस्था की गई थी। मौके पर अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी, महासचिव शैलेश दुबे, कोषाध्यक्ष राकेश पाण्डेय, संरक्षक आशीष भारद्वाज, उपाध्यक्ष शैलेश तिवारी, उपाध्यक्ष लल्लू पांडेय, नवीन तिवारी, यज्ञशाला प्रभारी कृष्णकांत चौबे, संजय कुमार मिश्रा, सुरक्षा प्रभारी बृजेश शुक्ला, सचिव विशाल पांडेय, शुभम दुबे, गोलू, संजय पांडेय, महिला संयोजिका संजू शुक्ला उपस्थित रहे। यह जानकारी महायज्ञ समिति के मीडिया प्रभारी अवधेश शुक्ला ने दी।

### प्रशासनिक पदाधिकारियों ने किया यज्ञ स्थल का निरीक्षण

महायज्ञ की विधि व्यवस्था की जानकारी लेने के लिए जिले के आला अधिकारियों ने रविवार को यज्ञ स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने व्यवस्थापकों से यज्ञ संबंधी पूरी जानकारी हासिल की। सदर अनुमंडल पदाधिकारी अनुराग तिवारी, एसडीपीओ सुरजीत कुमार, शहर थाना प्रभारी अभय कुमार सिन्हा, ट्रैफिक प्रभारी रंजीत सिंह, टीओपी 3 के प्रभारी मंटुस महतो आदि ने यज्ञ स्थल का अवलोकन किया। पदाधिकारियों ने कहा कि शांति व्यवस्था के मद्देनजर सभी आवश्यक प्रबंध किये जाएंगे।

---

## बाबा वीर कुंवर चैगोना धाम में भंडारे का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** औरंगाबाद -मेदिनीनगर मुख्य मार्ग पर स्थित बाबा वीर कुंवर चैगोना धाम परिसर में दीपावली पर वृहद भंडारे का आयोजन किया गया। इस दौरान भक्तों को खीर, मालपुआ का वितरण किया गया। मंदिर परिसर में सुबह से ही श्रद्धालु नारियल, चुनरी, प्रसाद चढ़ाने के लिए जुटने लगे। इस दौरान परंपरा के अनुसार बलि देने के लिए भी भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। झारखंड, बिहार, छत्तीसगढ़, उड़ीसा, मध्य प्रदेश से भी भारी संख्या में भक्तों ने मां के दरबार में हाजिरी लगाई। मंदिर परिसर में यादव परिवार ने सोहराय गीत गाकर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। मौके पर अध्यक्ष सत्येंद्र यादव, सचिव कपिलदेव यादव कोषाध्यक्ष राजपाल यादव, छतरपुर मुखिया संघ अध्यक्ष पूरन यादव, संयोजक शिवनंदन यादव, उप सचिव अरविंद यादव, राजदेव यादव, पूर्व मुखिया रघु यादव आदि मौजूद थे।

---

राष्ट्रीय परशुराम सेना भार्गव ने मनाया दीपोत्सव

## पलामू में 51 हजार दीप प्रज्ज्वलन का बना रिकार्ड



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू में निर्माणधीन भगवान परशुराम मंदिर में दीपावली पर 51 हजार दीप प्रज्ज्वलन का रिकार्ड स्थापित किया गया। राष्ट्रीय परशुराम सेना भार्गव के तत्वावधान में पलामू में प्रथम चिरंजीवी भगवान परशुराम मंदिर कानिर्माण कराया जा रहा है। दो करोड़ रूपये की लागत से झारखंड के इस प्रथम भगवान परशुराम मंदिर का निर्माण दक्षिण भारत से आए कारीगरो द्वारा किया जा रहा। निमार्णाधीन परशुराम मंदिर के प्रांगण में राष्ट्रीय परशुराम सेना भार्गव के पदाधिकारियों, सदस्यों एवं शहर वासियों ने हाथ में दीपक लेकर साज-सज्जा को अंतिम रूप दिया। इस दौरान भारत माता की आकृति, शांति का प्रतीक ओम, स्वस्तिक, भगवान राम, भगवान परशुराम की जय घोष की कलाकृतियां दीप के माध्यम से बनाई गईं। जो शहर वासियों के लिये आकर्षण का मुख्य केंद्र बना रहा। इससे पूर्व राष्ट्रीय परशुराम सेना भार्गव के पदाधिकारियों द्वारा एक दीप अपने प्रभु अपने आराध्य के नाम के आह्वान का सकारात्मक असर भी देखने को मिला। शहरवासियों ने दीपोत्सव में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। दीप प्रज्वलित करने से पूर्व धमार्चार्य रमेश पांडे ने स्वस्तिवाचन प्रस्तुत किया। राष्ट्रीय परशुराम सेना भार्गव के जिला अध्यक्ष मधुकर शुक्ला ने कहा कि दीप प्रकाश का द्योतक है, तो प्रकाश ज्ञान का। परमात्मा से हमें संपूर्ण ज्ञान मिले इसीलिए दीप प्रज्वलन करने की परंपरा है। कार्यक्रम में प्रदेश संरक्षक कमलेश शुक्ला, अजय तिवारी अकेला, व मुकेश तिवारी, प्रदेश अनुशासन समिति अध्यक्ष अमित तिवारी, प्रदेश पर्यवेक्षक अभिषेक तिवारी, प्रमंडल संरक्षक परमेस तिवारी, बसंत तिवारी, प्रदेश प्रवक्ता रामनिवास तिवारी प्रदेश शिक्षा सलाहाकार अविनाश पांडे, आशुतोष तिवारी, अंकित पांडे, अरविंद पांडे, अप्पू तिवारी, अनिमेश शुक्ला, राहुल पाठक, अभिषेक पांडे, रितिक चौबे आदि मौजूद रहे।

---

## परेशानी

### नगरीय सुविधा को तरस रहे चैनपुर के लोग

# महापर्व नजदीक, छठ घाट पर चहुंओर गंदगी का साम्राज्य

**शहर तक ही सिमटा रहा नगर निगम का विकास**

**विकास की डिंगे हाकी जा रही है और अगले कार्यकाल में विकास के सपने दिखाये जाने लगे है**





**नवीन मेल संवाददाता**

**मेडिनीनगर।** नगर निगम का पहला कार्यकाल समाप्त हो गया है। दूसरे कार्यकाल की तैयरियां चलने लगी है। पहले कार्यकाल के चुने गये जन प्रतिनिधि यथा मेयर, डिप्टी मेयर व वार्ड पार्षद अपने कार्यकाल के विकास का लेखा जोखा जनता के सामने रखने में मसगुल हैं। विकास की डिंगे हाकी जा रही है और अगले कार्यकाल में विकास के सपने दिखाए जाने लगे हैं। इन सब के बीच धरातल विकास की अलग कहानी बयां कर रहा है। खासकर वैसे क्षेत्र जिन्हें पंचायत से काटकर निगम क्षेत्र में शामिल किया गया था। इन क्षेत्रों की स्थिति कुछ भी नहीं बदली है। ऐसे क्षेत्र विकास के नाम पर अब तक उपेक्षित ही रहे हैं। इसकी बानगी नगर निगम के चैनपुर वार्ड नम्बर 34 व 35 में देखी जा सकती हैं। जहाँ आज भी टूटी-फूटी सडकें बदहाल हैं। सफाई के नाम पर मुख्य सड़कों पर झाड़ू लगा दिये जाते हैं। वर्तमान में सूर्योपासना के महापर्व छठ पूजा का समय नजदीक है, पर छठ घाट के साथ-साथ यहां तक पहुंचने वाली सड़कों पर गंदगी का अम्बार लगा है। इस पर किसी का कोई ध्यान नहीं है। स्थानीय लोग घाटों की सफाई के लिए निगम के प्रतिनिधियों से आग्रह करते थक गये हैं। सोशल मीडिया को भी ध्यान आकृष्ट कराने का माध्यम बनाया है। किन्तु अब तक किसी ने ध्यान नहीं दिया है। इससे आम लोगों में नगर निगम के प्रति गहरी नाराजगी दीख रही है। लोग यह पूछ रहे हैं कि आखिर नगर निगम किस काम का है। स्थानीय लोग बताते हैं कि नगर निगम में चैनपुर के शामिल होने के बाद इस क्षेत्र के लोगों को शहरी क्षेत्र में जाने का गर्व हुआ था। किन्तु अब तक कोई नगरीय सुविधा तो नहीं मिली पर कई तरह के महंगे टैक्स का बोझ जरूर लाद दिया गया है। जिसे भरने में गरीब हांफते दिख रहे हैं। लोगों ने बताया कि निगम के पहले कार्यकाल में कुछ सड़कों का निर्माण अवश्य किया गया। किंतु निम्न गुणवत्ता के कारण जल्द ही सड़क टूटकर बिखर गई। टेम्पो स्टेण्ड से पवन स्टूडियो तक कि बनी सड़क को देखा जा सकता है। वैसे अधिकांश क्षेत्रों में आज भी पुरानी टूटी -फूटी सड़के ही विकास में उपेक्षा की कहानी कह रही हैं। लोग बताते हैं कि यहां विकास के नाम पर सिर्फ लूट हुई है। नाली निर्माण के नाम पर पुरानी नाली की ही मरम्मत कर नया रूप दिया गया और निर्माण की अधिकांश राशि ठेकेदार डकार गये। लोगों का मानना है नगर निगम के लिए आबादी की अहर्ता पूरी करने के लिए चैनपुर, शाहपुर व सिंगरा आदि पंचायतों को भंग कर नगर निगम में शामिल तो जरूर कर लिया गया, किन्तु विकास के नाम पर इन क्षेत्रों की घोर उपेक्षा की गई है। निगम का विकास निगम मुख्यालय के कुछ हिस्सों तक ही सिमटा रह गया। इससे नागरिक खुद को छला हुआ महसूस कर रहे हैं।

